# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2014
# सामान्य अध्ययन
### हल प्रश्न पत्र

## प्राचीन इतिहास

### सैन्धव सभ्यता

**1. हाथी दाँत का पैमाना हड़प्पीय संदर्भ में मिला है?**
(a) कालीबंगा में (b) लोथल में
(c) धौलावीरा में (d) बनावली में
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–हड़प्पाई नगर लोथल की खोज एस.आर. राव ने 1954 में की थी। यहाँ से प्राप्त अवशेषों में प्रमुख हैं– धान की भूसी और बाजरे का साक्ष्य, फारस की मुहर, घोड़े की लघु मृण्मूर्ति, तीन युगल समाधियाँ मृद्भाण्ड, उपकरण और हाथी दाँत का पैमाना। यह स्थल गुजरात के अहमदाबाद जिले में भोगवा नदी के तट पर सरगवल नामक गाँव से 2 किमी. उत्तर में स्थित है। यहाँ पुरातत्वविद रंगनाथ राव ने 1954-55 में खुदाई कराई थी। यहाँ की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हड़प्पाकालीन बंदरगाह है।

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल, संगम काल

**2. चम्पा किस महाजनपद की राजधानी थी?**
(a) मगध (b) वज्जि
(c) कोशल (d) अंग
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–छठीं शताब्दी ईसा पूर्व में चम्पा, श्रावस्ती, गिरिब्रज (राजगृह), क्रमशः अंग, कोशल, मगध की राजधानी थी। वज्जि आठ राज्यों का एक संघ था।

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**3. द्वितीय बौद्ध समिति का आयोजन कहाँ हुआ था?**
(a) राजगृह में (b) वैशाली में
(c) पाटलिपुत्र में (d) काशी (वाराणसी) में
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन कालाशोक (शिशुनाग वंश) के शासनकाल में वैशाली में 383 ई. पू. में हुआ था। इसकी अध्यक्षता साबकमीर (सर्वकामी) ने की थी। इस संगीति में अनुशासन को लेकर मतभेद के समाधान के लिए बौद्ध धर्म स्थविर एवं महासंघिक दो मतों में बँट गया।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**4. चन्द्रगुप्त मौर्य ने सेल्यूकस को किस वर्ष में पराजित किया था?**
(a) 317 ई.पू. (b) 315 ई.पू.
(c) 305 ई.पू. (d) 300 ई.पू.
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–305 ई. पू. में चन्द्रगुप्त ने सेल्यूकस निकेटर को पराजित किया था। इस युद्ध का वर्णन एप्पियानस नामक यूनानी विद्वान ने अपने ग्रन्थ में किया है। युद्ध के उपरान्त दोनों के मध्य संधि हो गई जिसके फलस्वरूप सेल्यूकस ने चन्द्रगुप्त को अराकोसिया (कांधार), एरिया (हेरात), जेड्रोसिया, पेरोपनिसडाई प्रांत सौंप दिये। चन्द्रगुप्त ने सेल्यूकस को 500 भारतीय हाथी भेंट स्वरूप दिये। सेल्यूकस ने अपनी पुत्री (हेलना) का विवाह चन्द्रगुप्त के साथ किया। साथ ही साथ मेगस्थनीज नामक अपना एक राजदूत चन्द्रगुप्त के दरबार में भेजा।

**5. निम्नलिखित नगरों में से किसका उल्लेख कनिष्क के रबतक अभिलेख में नहीं है?**
(a) श्रावस्ती (b) कौशाम्बी
(c) पाटलिपुत्र (d) चंपा
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–कनिष्क का रबतक अभिलेख 1993 ई. में वर्तमान अफगानिस्तान में खोजा गया था। इससे हमें कनिष्क के साम्राज्य विस्तार के संबंध में महत्त्वपूर्ण सूचना प्राप्त होती है। इस अभिलेख के अनुसार साकेत, कौशांबी, चंपा और पाटलिपुत्र कनिष्क के साम्राज्य के हिस्से थे।

## मध्यकालीन इतिहास

### दिल्ली सल्तनत

**6. निम्नलिखित सुल्तानों में से किसने गढ़मुक्तेश्वर की मस्जिद की दीवारों पर अपने शिलालेख में स्वयं को 'खलीफा का सहायक' कहा है?**
(a) बलबन (b) कैकुबाद
(c) जलालुद्दीन खिलज़ी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–बलबन ने गढ़मुक्तेश्वर की मस्जिद की दीवारों पर अपने शिलालेख में स्वयं को 'खलीफा का सहायक' उल्लेखित करवाया है।

### भक्ति आन्दोलन

**7. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती शिष्य थे–**
(a) अब्दुल कादिर जीलानी के (b) ख्वाजा अबू यूसुफ के
(c) ख्वाजा उस्मान हारूनी के (d) ख्वाजा मौदूद के
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–चिश्तिया सूफी मत की स्थापना अफगानिस्तान के चिश्त में अबू इशहाक शामी और उनके शिष्य ख्वाजा अबू अब्दाल चिश्ती ने की थी, किंतु भारत में सर्वप्रथम इसका प्रचार ख्वाजा उस्मान हारूनी के शिष्य ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के द्वारा हुआ था। वे 1192 ई. में मुहम्मद गोरी की सेना के साथ भारत आए थे। इन्होंने अजमेर (राजस्थान) में अपना निवास स्थान बनाया। 1236 ई. में इनकी मृत्यु हो गई। कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी इनके प्रमुख शिष्य थे।

**8. निम्नलिखित हिन्दी रचनाओं में से कौन सी पहले लिखी गई थी?**
(a) इन्द्रावती (b) पद्मावती
(c) मधुमालती (d) मृगावती
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–

| रचना | लेखक | काल (ई. में) |
|---|---|---|
| मृगावती | कुतुबन | 1503 |
| मधुमालती | मंझन | 1545 |
| पद्मावत | मलिक मुहम्मद जायसी | 1540 |
| इन्द्रावती | नूर मोहम्मद | 1743 |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# आधुनिक इतिहास

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

**9. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थीं?**

(a) श्रीमती सरोजिनी नायडू (b) श्रीमती एनी बेसेण्ट
(c) श्रीमती एन. सेनगुप्ता (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–श्रीमती एनी बेसेंट 1917 ई. में कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष बनीं। श्रीमती सरोजिनी नायडू 1925 ई. में कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन में कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष बनीं।

**10. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अध्यक्ष था?**

(a) ए.ओ. ह्यूम (b) एस.एन. बनर्जी
(c) डब्ल्यू.सी. बनर्जी (d) दादाभाई नौरोजी

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– 28 दिसंबर, 1885 ई. को बंबई में स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी ने की थी।

**11. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की पाण्डुलेखन समिति का अध्यक्ष था?**

(a) ए.के. आज़ाद (b) बी.आर. अम्बेडकर
(c) जे.एल. नेहरू (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–भारतीय संविधान की पांडुलेखन (प्रारूप समिति) के अध्यक्ष बी.आर. अम्बेडकर थे। इस समिति के अन्य सदस्य अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, एन. गोपालस्वामी, के. एम. मुंशी, एम. सादुल्ला, बी. एल. मित्र और डी. पी. खेतान थे।

**12. 'इंडियन होम रूल सोसायटी' स्थापित हुई थी–**

(a) 1900 ई. में (b) 1901 ई. में
(c) 1902 ई. में (d) 1905 ई. में

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–फरवरी, 1905 ई. में लंदन में श्यामजी कृष्ण वर्मा ने इंडियन होमरूल सोसायटी की स्थापना की थी जिसे 'इंडिया हाऊस' के नाम से भी जाना जाता था। इस संस्था का उद्देश्य अंग्रेजी सरकार को आतंकित कर स्वराज्य प्राप्त करना था। यहाँ से एक समाचार पत्र 'द इडिण्यन सोशियोलॉजिस्ट' का भी प्रकाशन होता था।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**13. निम्नलिखित में से कौन भारत का एकमात्र यहूदी वाइसरॉय था?**

(a) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड इरविन (d) लॉर्ड रीडिंग

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–लॉर्ड रीडिंग 1921 से 1926 तक भारत के वायसरॉय के पद पर बने रहे। इससे पूर्व वह 1913 से 1921 तक इंग्लैण्ड के लॉर्ड चीफ जस्टिस थे। रीडिंग भारत में एकमात्र यहूदी वायसरॉय था।

**14. ब्रिटिश सरकार द्वारा लंदन में भारतीय नेताओं का प्रथम गोलमेज सम्मेलन कब बुलाया गया?**

(a) 1931 (b) 1929
(c) 1930 (d) 1932

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–27 मई, 1930 ई. को साइमन कमीशन की रिपोर्ट प्रकाशित हुई। राजनीतिक संगठनों ने कमीशन की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया। कांग्रेस के प्रमुख नेता जेल में थे। ब्रिटिश सरकार ने निराशा एवं असंतोष के वातावरण में 12 नवंबर, 1930 ई. को लंदन में प्रथम गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में 89 भारतीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया किन्तु कांग्रेस ने इसमें भाग नहीं लिया। इस सम्मेलन में भाग लेने वालों में प्रमुख थे- तेज बहादुर सप्रू, श्रीनिवास शास्त्री, मुहम्मद अली, मुहम्मद शफी, आगा खाँ, फजलुल हक, मुहम्मद अली जिन्ना, होमी मोदी, एम. आर. जयकर, मुंजे, भीमराव अंबेडकर तथा सुन्दर सिंह मजीठिया आदि।

**15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I (अध्यक्ष) | सूची-II (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सभाओं के स्थान) |
|---|---|
| A. अबुल कलाम आजाद | 1. अमृतसर, 1919 |
| B. सरोजिनी नायडू | 2. बम्बई, 1934 |
| C. मोतीलाल नेहरू | 3. कानपुर, 1925 |
| D. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद | 4. रामगढ़ 1940 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–सही सुमेलन इस प्रकार है–

| अध्यक्ष | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सभाओं के स्थान |
|---|---|
| अबुल कलाम आजाद | रामगढ़, 1940 ई. |
| सरोजिनी नायडू | कानपुर, 1925 ई. |
| मोतीलाल नेहरू | अमृतसर, 1919 ई. |
| डॉ. राजेन्द्र प्रसाद | बम्बई, 1934 ई. |

**16. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम भारत में एक पृथक मुस्लिम राज्य का प्रस्ताव रखा था?**

(a) आगा खाँ (b) एम.ए. जिन्ना
(c) लियाकत अली खाँ (d) मुहम्मद इक़बाल

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–प्रायः कवि और राजनीतिक चिंतक मुहम्मद इकबाल को मुसलमानों के लिए पृथक् राष्ट्र के विचार का प्रवर्तक माना जाता है। इकबाल ने 1930 के अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के इलाहाबाद अधिवेशन में पृथक् मुस्लिम राज्य का प्रस्ताव रखा था।

**17. निम्नलिखित में से कौन नेहरू की अंतरिम सरकार, 1946 में वित्त मंत्री था?**

(a) फज़लुल हक (b) खिज्र हयात खाँ
(c) लियाकत अली खाँ (d) गजनफर अली खाँ

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–लियाकत अली खान, नेहरू की अंतरिम सरकार 1946 ई. में वित्त मंत्री नियुक्त किए गए थे। ज्ञात हो कि 1946 के अंतरिम सरकार में मुस्लिम लीग के पाँच सदस्य शामिल किए गए थे। लियाकत अली खान ने अपने बजट (1947-48) में उद्योगपतियों या व्यापारियों पर अधिक कर लगाया था।

**18. पुस्तक 'इंडिया विन्स फ्रीडम' के लेखक हैं–**

(a) ए.के. आजाद (b) एम.के. गाँधी
(c) एम.ए. अंसारी (d) सरोजिनी नायडू

**उत्तर–(a)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–पुस्तक 'इंडिया विन्स फ्रीडम' के लेखक अबुल कलाम आजाद हैं। मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री बनाये गये थे।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**19. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

| **(उष्ण स्रोत)** | | **(भारत के राज्य)** |
|---|---|---|
| (a) लसुन्दरा | – | राजस्थान |
| (b) अवलोली | – | महाराष्ट्र |
| (c) मणिकरण | – | हिमाचल प्रदेश |
| (d) सोहना | – | हरियाणा |

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–लसुन्दरा उष्ण स्रोत गुजरात के रवेड़ा जिले में स्थित है।

**20. भारत की निम्नलिखित नदियों में से कौन हिमालय की सभी श्रेणियों को काटती है?**

(a) रावी (b) सतलज
(c) व्यास (d) चिनाब

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**– सतलज नदी हिमालय की सभी पर्वत श्रेणियों को काटती है। सतलज नदी तिब्बत के मानसरोवर झील के समीप राकसताल से निकलती है और हिमाचल प्रदेश में शिपकीला दर्रे के समीप से भारत में प्रवेश करती है। भारत में सतलज नदी दो राज्यों हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब से होकर प्रवाहित होती है।

**21. भारत की सबसे लम्बी प्रायद्वीपीय नदी है–**

(a) नर्मदा (b) गोदावरी
(c) महानदी (d) कृष्णा

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**– गोदावरी भारत की सबसे लंबी प्रायद्वीपीय नदी है। यह 1465 किमी. लंबी है। इसका लगभग 49% भाग महाराष्ट्र में, लगभग 23% आंध्र प्रदेश में तथा लगभग 20% मध्य प्रदेश में पड़ता है। प्रायः इसके विशाल आकार तथा विस्तार के कारण इसे वृहद् गंगा या दक्षिणी गंगा भी कहते हैं। पश्चिमी घाट की त्रयंबक पहाड़ी में इसका उद्‌गम स्थान है। उत्तर में इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ प्राणहिता, पेनगंगा, वर्धा, वेनगंगा तथा इन्द्रावती हैं। दक्षिण में मंजीरा नदी प्रमुख है, जो हैदराबाद के निकट इसमें मिलती है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

**22. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| **सूची-II** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. जूट | 1. असम |
| B. चाय | 2. केरल |
| C. रबर | 3. पश्चिम बंगाल |
| D. गन्ना | 4. उत्तर प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 4 |

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– सही सुमेलन इस प्रकार है–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| जूट | पश्चिम बंगाल |
| चाय | असम |
| रबर | केरल |
| गन्ना | उत्तर प्रदेश |

**23. उन दो राज्यों के नाम बताइए जिन्होंने 'किसाऊ बाँध परियोजना'' हेतु 20 जून, 2015 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं–**

(a) उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश
(b) राजस्थान और उत्तराखंड
(c) उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश और राजस्थान

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश ने 'किसाऊ बाँध परियोजना' हेतु 20 जून, 2015 ई. को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। टोंस नदी पर निर्मित 660 मेगावाट की यह एक राष्ट्रीय परियोजना है। 90% केंद्र सरकार की सहायता से निर्मित यह परियोजना हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड सरकार का संयुक्त उपक्रम है।

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**24. भारत के निम्नलिखित औद्योगिक प्रदेशों में से किसमें शिवकाशी केन्द्र स्थित है?**

(a) छोटा नागपुर प्रदेश (b) अहमदाबाद-बडोदरा प्रदेश
(c) मदुराई-कोयम्बटूर-बेंगलुरू प्रदेश (d) कोलकता-हुगली प्रदेश

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–भारत में तीन प्रकार के औद्योगिक प्रदेश पाए जाते हैं। यथा (A) वृहद् औद्योगिक प्रदेश (B) लघु औद्योगिक प्रदेश तथा (C) विनिर्माणी जिले। वृहद् औद्योगिक प्रदेश के 8 प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक मदुरै-कोयंबटूर बेंगलुरू प्रदेश में शिवकाशी स्थित है। इसे भारत के पटाखा उद्योग की राजधानी कहा जाता है।

**25. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

| **(उद्योग)** | | **(केन्द्र)** |
|---|---|---|
| (a) सीमेण्ट | – | पोरबन्दर |
| (b) पेट्रो रसायन | – | नागथेन |
| (c) चीनी | – | सिलवासा |
| (d) लोहा एवं इस्पात | – | राउरकेला |

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– चीनी उद्योग का सर्वाधिक जमाव उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु तथा कर्नाटक राज्यों में पाया जाता है। सीमेंट उद्योग पोरबंदर में, पेट्रो रसायन उद्योग नागथेन में तथा लोहा एवं इस्पात उद्योग राउरकेला (ओडिशा) में पाया जाता है। उपर्युक्त प्रश्न में विकल्प (c) सुमेलित नहीं है।

**26. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

| **(केन्द्र)** | | **(ऊर्जा)** |
|---|---|---|
| (a) पत्रातू | – | तापीय |
| (b) झाकरी | – | जल-विद्युत |
| (c) कलपक्कम | – | नाभिकीय |
| (d) कोरबा | – | पवन |

**उत्तर–(d)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**– पतरातू तापीय विद्युत संयंत्र झारखंड राज्य में अवस्थित है। झाकरी (नाथपा झाकरी) जलविद्युत संयंत्र सतलज नदी पर हिमाचल प्रदेश में, कलपक्कम नाभिकीय संयंत्र तमिलनाडु में स्थित है। कोरबा, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तापीय परियोजना है। अतः विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है।

**27. झरिया कोयला क्षेत्र निम्नलिखित राज्यों में से किसमें अवस्थित है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) ओडिशा
(c) झारखण्ड (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–धनबाद जिले में स्थित झरिया कोयला क्षेत्र झारखंड का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक क्षेत्र है। रानीगंज क्षेत्र, पश्चिम बंगाल में, कोरबा क्षेत्र छत्तीसगढ़ में तथा तालचेर क्षेत्र ओडिशा में प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र है।

**28. भारत के शक्ति खण्ड में ऊर्जा स्त्रोतों के भाग का सही क्रम है–**

(a) तापीय > जलीय > नाभिक > वायु
(b) तापीय > नाभिक > जलीय > वायु
(c) जलीय > नाभिक > तापीय > वायु
(d) नाभिक > जलीय > वायु > तापीय

**उत्तर–(*)**

**व्याख्या–** उपरोक्त दिये गये विकल्प में कोई भी विकल्प सही नहीं है। विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के नवीन आंकड़ों (31 मई, 2023 तक) के अनुसार कुल संस्थापित क्षमता -

| स्त्रोत | उत्पादन | कुल उत्पादन में प्रतिशत |
|---|---|---|
| ताप विद्युत (कोयला) | 2,05,235 M.W. | 49.1% |
| जल विद्युत | 46,850 M.W. | 11.2 % |
| नाभिकीय ऊर्जा | 6780 M.W. | 1.6 % |
| पवन ऊर्जा | 43199 M.W. | 10.3 % |
| बायो ऊर्जा | 10,248 M.W. | 2.5 % |
| सौर विद्युत | 67,821 M.W. | 16.2 % |
| लघु जल विद्युत | 4944 M.W. | 1.2 % |
| | कुल 4,17,668 M.W. | 100% |

# विश्व का भूगोल

## स्थल मण्डल

**29. निम्नलिखित देशों में से कौन मध्य अमेरिका में स्थित नहीं है?**

(a) पनामा (b) सिएरा लियोन
(c) होन्डुरास (d) ग्वाटेमाला

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**– सिएरा लियोन पश्चिम अफ्रीका में अवस्थित है। जिसके उत्तर, उत्तर-पश्चिम तथा उत्तर-पूर्व में गिनी, दक्षिण-पूर्व में लाइबेरिया और दक्षिण-पश्चिम में अटलांटिक महासागर स्थित है, जबकि मैक्सिको की सीमा से लेकर पनामा नहर तक स्थित देशों को मध्य अमेरिकी देश के रूप में जाना जाता है। इसमें निम्न सात देश आते हैं- बेलीज, ग्वाटेमाला, एल सल्वाडोर, होन्डुरास, निकारागुआ, कोस्टारिका तथा पनामा।

**30. निम्नलिखित पर्वतों में से कौन सा इटली में अवस्थित है?**

(a) एपीनाइन (b) पेर्नीज़
(c) दिनारिक आल्प्स (d) जूरा

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–एपीनाइन पर्वत इटली में स्थित है। आल्पस पर्वत श्रेणी मध्यवर्ती यूरोप में स्थित है। इसका विस्तार फ्रांस, ऑस्ट्रिया, जर्मनी एवं स्विट्जरलैण्ड में है। इसका सर्वोच्च बिंदु माउंट ब्लैंक है, जिसकी ऊँचाई लगभग 4810 मी. है। दिनारिक आल्प्स पर्वत श्रृंखला अल्बानिया, क्रोएशिया, बोस्निया, कोसोवो, मोंटिनेग्रो, सर्बिया और स्लोवानिया में स्थित है। जबकि आल्प्स और जूरा पर्वत स्विट्जरलैण्ड में अवस्थित है। पेरीनीज पर्वत फ्रांस व स्पेन की सीमा बनाता है।

## जल मण्डल

**31. निम्नलिखित में से कौन सी विश्व की दूसरी सबसे गहरी तथा सबसे लम्बी झील है?**

(a) टांगानिका झील (b) बैकाल झील
(c) सुपीरियर झील (d) ग्रेट बियर झील

**उत्तर–(a)**

| **व्याख्या–झील** | **लंबाई (किमी. में)** | **गहराई** |
|---|---|---|
| टांगानिका | 673 | 1470 मी./ 4820 फीट |
| बैकाल | 636 | 1642 मी./5387 फीट |
| सुपीरियर | 563 | 406.3 मी./ 1333 फीट |
| ग्रेट बियर | 373 | 446 मी./1463 फीट |

**32. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) टिटिकाका झील–बोलिविया –पेरू
(b) उर्मिया झील –ईरान
(c) रेण्डियर झील–रूस
(d) अथाबास्का झील– कनाडा

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–रेण्डियर झील कनाडा में स्थित है। इसकी गहराई 219 मी. है। कनाडा के अन्य झीलों में विनिपेग, ग्रेटबियर, ग्रेट स्लेव प्रमुख हैं।

## आर्थिक भूगोल

**33. भारत के निम्नलिखित भौमिकीय शैल क्रमों में से किसमें लौह अयस्क का समृद्ध भण्डार पाया जाता है?**

(a) विन्ध्यन क्रम (b) कुडप्पा क्रम
(c) गोण्डवाना क्रम (d) धारवाड़ क्रम

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– धारवाड़ क्रम की चट्टान अपक्षय व अपरदन से निर्मित प्रथम तलछटी (अवसादी) चट्टान हैं। ये चट्टानें आर्कियन समूह के चट्टानों के अवशेष हैं। इनमें महत्वपूर्ण धातुएं जैसे- लोहा, सोना, ताँबा, जस्ता एवं खनिज पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। ये चट्टानें आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इनका विस्तार कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, कश्मीर व हिमाचल प्रदेश में है।

# जनसंख्या एवं नगरीकरण

**34. भारतीय सामाजिक संरचना के मुख्य लक्षण हैं :**

1. ग्रामों में अधिक जनसंख्या 2. विभिन्न धर्म
3. विभिन्न जातियाँ 4. निर्धनता



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिये :**

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 3 और 4 (d) 2 और 4

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–दिए गए विकल्पों में से ग्रामों में अधिक से अधिक जनसंख्या, विभिन्न धर्म और विभिन्न जातियाँ भारतीय सामाजिक संरचना के मुख्य लक्षण हैं।

**35. स्थाई जनसंख्या संरचना के लिए निम्नलिखित में से एक प्रक्रिया का चयन कीजिए :**

(a) बढ़ती हुई जन्म दर और स्थिर मृत्यु दर
(b) घटती हुई जन्म दर और बढ़ती हुई मृत्यु दर
(c) स्थिर जन्म दर और मृत्यु दर
(d) स्थिर जन्म दर और घटती हुई मृत्यु दर

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–स्थायी जनसंख्या संरचना की स्थिति में जन्मदर एवं मृत्युदर दोनों समान, नीची एवं नियंत्रित दर से परिवर्तित होते हैं। जिससे जनसंख्या वृद्धिदर स्थिर बनी रहती है। स्थिर जनसंख्या संरचना विकसित एवं उन्नतशील समाज की जनांकिकीय विशेषता है।

**36. निम्नलिखित महाद्वीपों में से किसका सन् 2011 में जनसंख्या का घनत्व सबसे कम था?**

(a) दक्षिणी अमेरिका (b) उत्तरी अमेरिका
(c) यूरोप (d) अफ्रीका

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– वर्ष 2011 के अनुसार–

| **महाद्वीप** | **जनसंख्या** | **जनघनत्त्व** |
|---|---|---|
| एशिया | 42.7 बिलियन | 86.7 |
| अफ्रीका | 1.7 बिलियन | 32.7 |
| यूरोप | .74 बिलियन | 70 |
| उत्तरी अमेरिका | .34 बिलियन | 22.9 |
| दक्षिण अमेरिका | .39बिलियन | 21.4 |
| ओशेनिया | 0.4 बिलियन | 4.25 |
| अंटार्कटिका | 4490 | 0.00 |

**37. जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 से 24 जुलाई, 2015 के मध्य चलाए गए जनसंख्या से संबंधित अभियान को नाम दिया गया-**

(a) जनसंख्या स्थिरता पखवारा
(b) खुशहाल परिवार पखवारा
(c) जनसंख्या नियंत्रण पखवारा
(d) जनसंख्या जागरूकता पखवारा

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 से 24 जुलाई, 2015 के मध्य चलाए गए जनसंख्या से संबंधित अभियान को 'जनसंख्या स्थिरता पखवारा' नाम दिया गया।

**38. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य में बाल मृत्यु दर न्यूनतम है?**

(a) गोवा (b) केरल
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–2001 की जनगणना के अनुसार भारत के केरल राज्य में बाल मृत्यु दर न्यूनतम थी। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में न्यूनतम् बाल मृत्यु दर नागालैण्ड (7 प्रति हजार), गोवा (9 प्रति हजार) व केरल में (10 प्रति हजार) रही है।

**39. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें जनसंख्या का घनत्व उच्चतम है?**

(a) बिहार (b) केरल
(c) पश्चिम बंगाल (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार शीर्ष 5 जनघनत्व वाले राज्य :–

| | | |
|---|---|---|
| बिहार | – | 1106 |
| पश्चिम बंगाल | – | 1028 |
| केरल | – | 860 |
| उत्तर प्रदेश | – | 829 |
| हरियाणा | – | 573 |

**40. जनगणना 2011 के अनुसार भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में महिला लिंग अनुपात सर्वाधिक है?**

(a) तमिलनाडु (b) आंध्र प्रदेश
(c) छत्तीसगढ़ (d) केरल

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–जनगणना 2011 के अनुसार शीर्ष पांच लिंगानुपात वाले राज्य–

| | | |
|---|---|---|
| केरल | – | 1084 |
| तमिलनाडु | – | 996 |
| आंध्र प्रदेश | – | 993 |
| छत्तीसगढ़ | – | 991 |
| मेघालय | – | 989 |

**41. जनगणना 2001 के अनुसार भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें सर्वाधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या पाई जाती है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) महाराष्ट्र

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–जनगणना 2001 और 2011 के अनुसार भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में अनुसूचित जाति की सर्वाधिक जनसंख्या पाई जाती है। जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 20.69% है; जबकि सम्पूर्ण देश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या प्रतिशत 16.6% है। प्रतिशतता के मामले में सर्वाधिक जनसंख्या पंजाब में (31.9%) है।

**42. दक्षिण एशिया के निम्नलिखित देशों के प्रतिशत नगरीकरण का निम्नलिखित में से कौन सही अवरोही क्रम है? नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

1. बांग्लादेश 2. भारत
3. पाकिस्तान 4. श्रीलंका

**कूट :**

(a) 2, 3, 1, 4 (b) 3, 2, 1,4
(c) 2, 1, 4, 3 (d) 4, 2, 3, 1

**उत्तर–(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**– सार्क देशों में नगरीय जनसंख्या की स्थिति–

| देश | नगरीय जनसंख्या 2018 (% में) |
|---|---|
| पाकिस्तान | 36.7 |
| भारत | 34 |
| बांग्लादेश | 36.6 |
| श्रीलंका | 18.5 |

**43. निम्नलिखित कथनों में से कौन एक सही नहीं है?**

(a) उ.प्र. में कुछ नगरों ने नगर निगम की हैसियत प्राप्त कर ली है।
(b) नगरों को एक निगम की हैसियत राजनीतिक कारणों पर दी जाती है।
(c) कुछ सिद्धान्त हैं जिनके आधार पर नगर निगम का सृजन किया जाता है।
(d) उ.प्र. में नगर निगमों के लिए एक अलग कानून है।

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–प्रत्येक राज्य में नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद् तथा नगर निगम का गठन किया जाएगा। नगर पंचायत का गठन उस क्षेत्र के लिए होगा, जो ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय क्षेत्र में परिवर्तित हो रहा हैं। नगर पालिका परिषद् का गठन छोटे नगरीय क्षेत्रों के लिए किया जाएगा, जबकि बड़े नगरों के लिए नगर निगम का गठन किया जाएगा, किन्तु ऐसे नगरीय क्षेत्र में जिसे राज्यपाल द्वारा औद्योगिक नगरी घोषित किया गया है, नगर पालिका का गठन नहीं किया पाएगा। [अनुच्छेद 243]

**44. टी.के. ओमेन ने नगरीय परिवारों का अन्तर बताया है?**

(a) आय के साधन तथा बदलते हुए मूल्यों के प्रतिमान के आधार पर
(b) सत्ता की संरचना के आधार पर
(c) नगरीय सामाजिक वातावरण तथा सामाजिक पारिस्थितिकी के आधार पर
(d) उपर्युक्त सभी के आधार पर

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–टी.के. ओमेन ने नगरीय परिवारों का अन्तर आय के साधन तथा बदलते हुए मूल्यों के प्रतिमान, सत्ता की संरचना और नगरीय सामाजिक वातावरण तथा सामाजिक पारिस्थितिकी तीनों के आधार पर बताया है।

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीतिनिदेशक तत्व

**45. भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्य कितने हैं?**

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 11

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–भारत के संविधान में कुल 11 मौलिक कर्तव्य हैं। संविधान में मूल कर्तव्यों का समावेश स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा पर 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा 10 मूल कर्तव्यों का उपबंध किया गया। इस संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में 'भाग-4 क' जोड़ा गया है। 11वां मूल कर्तव्य 86वां संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा अनुच्छेद 51(A) में नया अनुच्छेद 51A (K) जोड़ा गया।

## विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

**46. लोक लेखा समिति में निम्नलिखित सदस्य होते हैं – नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर दीजिए :**

| | लोक सभा | राज्य सभा | कुल |
|---|---|---|---|
| (a) | 11 | 05 | 16 |
| (b) | 15 | 07 | 22 |
| (c) | 10 | 05 | 15 |
| (d) | 17 | 10 | 27 |

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–लोक लेखा समिति का मुख्य कार्य भारत सरकार के विनियोग लेखाओं पर नियंत्रक महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन की समीक्षा करना है। समिति में कुल 22 सदस्य होते हैं। जिसमें से 15 सदस्य लोकसभा सदस्यों में से आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति से एकल संक्रमणीय मत द्वारा चुने जाते हैं, राज्य सभा द्वारा अपने सदस्यों में से इसी ढंग से निर्वाचित 7 सदस्य इस समिति में सहयोजित किए जाते हैं। समिति के अध्यक्ष का चयन लोकसभा अध्यक्ष द्वारा परंपरानुसार विपक्ष के सदस्य को ही नियुक्त किया जाता है।

**47. केरल में प्रथम साम्यवादी राज्य सरकार का गठन किया गया था?**

(a) 1953 में (b) 1955 में
(c) 1957 में (d) 1959 में

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–केरल में प्रथम साम्यवादी राज्य सरकार का गठन 5 अप्रैल, 1957 ई. को और अवसान 31 जुलाई, 1959 ई. को हुआ था। इस सरकार में मुख्यमंत्री ई. एम. एस. नम्बूदरीपाद थे।

**48. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टीका टिप्पणी पर उचित कार्यवाही करने की अंतिम जिम्मेदारी है–**

(a) भारत के राष्ट्रपति की (b) सर्वोच्च न्यायालय की
(c) संसद की (d) राष्ट्रीय विकास परिषद् की

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टीका-टिप्पणी पर उचित कार्यवाही करने की अंतिम जिम्मेदारी भारत के राष्ट्रपति की है। संविधान के अनुच्छेद 148 में भारत के लिए एक नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) का प्रावधान किया गया है।

**49. नए राज्यों की स्थापना करने की विधायिनी शक्ति निम्नलिखित में से किसे प्राप्त है?**

(a) लोक सभा को (b) संसद को
(c) राजनीतिक दलों की (d) केन्द्र सरकार को

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–संविधान के अनुच्छेद 2के तहत भारत संघ में नए राज्यों के प्रवेश या स्थापना तथा अनुच्छेद 3 के तहत् नए राज्यों के निर्माण और वर्तमान राज्य के क्षेत्रों, सीमाओं या नाम में परिवर्तन की शक्ति भारतीय संसद में निहित है।

**50. राज्यसभा को कितने दिनों के अन्दर किसी धन विधेयक पर अपनी संस्तुति देनी होती है?**

(a) 14 दिनों में (b) 18 दिनों में
(c) 21 दिनों में (d) 30 दिनों में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–धन विधेयक लोकसभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात् राज्यसभा को उनकी सिफारिशों के लिए प्रेषित किया जाता है। जिसे राज्यसभा अधिकतम 14 दिनों तक ही रोक सकती है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**51. यदि किसी राज्य में लोकसभा की कुल 42 सीटें हैं, तो उस राज्य में अनुसूचित जातियों के लिए स्थान आरक्षित होंगे**

(a) 21 (b) 14
(c) 7 (d) 6

**उत्तर–(*)**

**व्याख्या**– यदि किसी राज्य में लोकसभा की कुल 42 सीटें हैं, तो उस राज्य में अनुसूचित जातियों हेतु 7 स्थान आरक्षित हो सकते हैं। किसी राज्य में लोक सभा अथवा विधानसभा में अनुसूचित जातियों/जनजातियों के स्थानों का आरक्षण जनसंख्या के अनुपात एवं परिसीमित क्षेत्र में संख्या के आधार पर किया जाता है। 543 निर्वाचित लोक सभा सीटों में आरक्षित 84 सीटों का अनुपात 7 के लगभग होगा। हालांकि यह कोई नियम नहीं बल्कि एक अनुमान है। इसीलिए उपर्युक्त में से कोई विकल्प सही नहीं है।

**52. निम्नलिखित में से कौन एक 'राज्य की आकस्मिक निधि' की स्थापना के लिए उत्तरदायी है?**

(a) किसी राज्य का विधानमण्डल (b) संसद
(c) राष्ट्रपति (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–अनुच्छेद 267 (2) अनुसार राज्य की आकस्मिक निधि की स्थापना के लिए राज्य का विधानमंडल उत्तरदायी है।

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**53. किसी राज्य लोक सेवा आयोग के कार्यों को निम्नलिखित में से किस एक के अनुमोदन से संघ लोक सेवा आयोग को सौंपा जा सकता है?**

(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) प्रधानमंत्री
(c) लोक सभा का अध्यक्ष (d) भारत के राष्ट्रपति

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–संविधान के अनुच्छेद 315 के अनुसार संघ सरकार के लिए संघ लोक सेवा आयोग और प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्य लोक सेवा आयोग होगा। यदि दो या दो से अधिक राज्य चाहें तो उनके लिए संसद विधि द्वारा 'संयुक्त लोक सेवा आयोग' का प्रावधान कर सकती है किन्तु इसके लिए प्रत्येक संबंधित राज्य के विधानमंडल द्वारा इस आशय का संकल्प पारित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त किसी राज्य के राज्यपाल के अनुरोध पर तथा राष्ट्रपति के अनुमोदन से, संघ लोक सेवा आयोग उस राज्य के लोक सेवा आयोग के कार्य कर सकता है।

**54. भारत के महान्यायवादी के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. वह भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. उसमें वहीं योग्यता होनी चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश में होती है।
3. उसे संसद के किसी भी एक सदन का सदस्य होना चाहिए।
4. संसद द्वारा महाभियोग लगाकर उसे हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?**

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 3 और 4

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–संविधान के अनुच्छेद 76 के अनुसार भारत सरकार को कानूनी मामलों में परामर्श देने हेतु राष्ट्रपति अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) की नियुक्ति करता है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त होने की योग्यता रखने वाले किसी व्यक्ति को अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया जाता है। यह भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है और राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है।

# अर्थव्यवस्था

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**55. 'किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना लाई गई थी**

(a) 1998-1999 में (b) 1999-2000 में
(c) 2000-2001 में (d) 20001-2002 में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–किसान क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ अप्रैल, 1998 ई. में हुआ था। इसका उद्देश्य किसानों को लचीले और सहज प्रक्रिया के साथ सिंगल विंडो के अंतर्गत व्यापक ऋण आवश्यकताओं के लिए समय पर पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराना है।

**56. निम्नलिखित में से कौन सी दो दाल वाली तिलहनी फसल है?**

(a) अलसी (b) सूरजमुखी
(c) मूँगफली (d) लोबिया

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– प्रश्न के अनुसार उपर्युक्त तिलहनी फसल में मूँगफली दो दाल वाली तिलहनी फसल है।

**57. `पीली (पीत) क्रान्ति सम्बन्धित है–**

(a) दलहन उत्पादन से (b) धान उत्पादन से
(c) मछली उत्पादन से (d) तिलहन उत्पादन से

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–हरित क्रांति ने खाद्यान्न उत्पादन मामले में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। कृषि क्षेत्र में इसी अनुसंधान और विकास की अगली कड़ी 'पीली क्रांति' है इसके तहत् तिलहन उत्पादन में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने तथा उत्पादन, प्रसंस्करण और प्रबंध प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग करने के उद्देश्य से तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन 1986 में प्रारंभ किया गया। जिसे वर्ष 2014 में राष्ट्रीय तिलहन और ऑयल पाम मिशन (NMOOP) में परिवर्तित कर दिया गया।

**58. राष्ट्रीय केला अनुसंधान केन्द्र स्थित है –**

(a) त्रिची में (b) भुसावल में
(c) सहारनपुर (d) पुणे में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–राष्ट्रीय केला अनुसंधान संस्थान त्रिची, तिरुचिरपल्ली (तमिलनाडु) में स्थित है।

**59. निम्नलिखित में से किस प्रान्त में दलहन का उत्पादन सर्वाधिक है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) मध्य प्रदेश (d) पंजाब

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में दालों के शीर्ष उत्पादक राज्य क्रमशः मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं राजस्थान है।

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**60. कृषि क्षेत्र का शीर्ष बैंक है-**

(a) पंजाब नेशनल बैंक (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) नाबार्ड (d) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**उत्तर–(c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–कृषि संबंधित क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋणों में वृद्धि की सहायता के लिए 12 जुलाई, 1982 को शिवरमन कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर एक अधिनियम के अंतर्गत'' राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) की स्थापना की गई। यह बैंक कृषि में वृद्धि, लघु एवं कुटीर उद्योगों, गृह एवं ग्रामोद्योगों, ग्रामीण हस्त कलाओं तथा गाँव में चलने वाली अन्य संबद्ध आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण की व्यवस्था कराने हेतु एक सर्वोच्च संस्था है।

## भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

**61. वाणिज्य विभाग की दीर्घकालीन दृष्टि से भारत को विश्व के व्यापार का मुख्य खिलाड़ी बनाना वर्ष-**

(a) 2018 तक (b) 2019 तक
(c) 2020 तक (d) 2021 तक

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–वाणिज्य विभाग की दीर्घकालीन दृष्टि से भारत को 2020 तक विश्व के व्यापार का मुख्य खिलाड़ी बनाना है।

**62. भारतीय पेटेण्ट कानून लागू हुआ वर्ष-**

(a) 1970 में (b) 1971 में
(c) 1972 में (d) 1973 में

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– भारत में सर्वप्रथम वर्ष 1911 में भारतीय पेटेन्ट और डिजाइन अधिनियम बनाया गया था। पुनः स्वतंत्रता के बाद 1970 में पेटेन्ट अधिनियम बना और इसे वर्ष 1972 में लागू किया गया। इस अधिनियम में पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2022 और पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा संशोधन किए गए।

**63. भारत में 'विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज)' नीति घोषित की गई?**

(a) अप्रैल 2000 में (b) अप्रैल 2001 में
(c) अप्रैल 2002 में (d) अप्रैल 2003 में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) नीति वर्ष 2000 में घोषित की गयी। साथ ही कुछ समय पश्चात् विदेश व्यापार नीति के तहत भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया।

**नोट** - एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) वर्ष 1965 में कांडला गुजरात में स्थापित किया गया।

**64. वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन स्थित है–**

(a) न्यूयॉर्क में (d) जेनेवा में
(c) वॉशिंगटन में (d) लन्दन में

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को हुई थी। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्ज़रलैण्ड) में है। इसके वर्तमान महानिदेशक नागोजी ओकोंजा-इवेला अफ्रीकी मूल की अमेरिकी नागरिक हैं। ये WTO की प्रथम महिला अध्यक्ष हैं।

**65. भारत का कुल माल व्यापार का प्रतिशत जी.डी.पी. 2004-05 में 29.5 प्रतिशत से बढ़कर 2012-13 में कितने प्रतिशत हो गया?**

(a) 30.6 (b) 40.6
(c) 45.6 (d) 50.6

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–भारत का कुल माल व्यापार का प्रतिशत जी.डी.पी. 2004-05 में 29.5% से बढ़कर 2012-13 में 45.6% हो गया।

**नोट** - आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार भारत के लिए GDP रूप में व्यापार का हिस्सा 2021 में 46% और 2022 की पहली छमाही में 50% रहा है।

**66. 2011-12 में भारत का बाह्य व्यापार का आँकड़ा पहुँच गया लगभग :**

(a) रु. 71.000 करोड़ (b) रु. 81,000 करोड़
(c) रु. 91,000 करोड़ (d) रु. 1, 01,000 करोड़

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–2011-12 में भारत का वाह्य व्यापार का आँकड़ा 1,01,000 करोड़ तक पहुँच गया। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत का कुल निर्यात 422.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा आयात 613.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

**67. भारत से निम्नलिखित में से कौन सी वस्तु (कमाडिटी) का निर्यात अधिकतम होता है?**

(a) कृषि एवं सहबद्ध उत्पाद (b) अभियांत्रिकी माल
(c) वस्त्र (d) रसायन एवं संबंधित उत्पाद

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–नियोजन काल में भारत के विदेशी व्यापार के गठन में अनेक संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं। निर्यात में गैर-परंपरागत वस्तुओं का प्रतिशत निरंतर बढ़ा है। परीक्षा काल में दिए गए विकल्पों में से अभियांत्रिकी माल का निर्यात अधिकतम हुआ था। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अद्यतन आँकड़ों 2021-22 के अनुसार भारत से निर्यात होने वाली 5 मुख्य निर्यातित (प्रतिशत हिस्सा के रूप में) वस्तुएं हैं–

1. कच्चा तेल एवं पेट्रोलियम उत्पाद
2. मशीनरी और उपकरण
3. धातुओं के उत्पाद
4. परिवहन उपस्कर
5. प्राथमिक एवं अर्धनिर्मित लौह और इस्पात

## विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**68. वैज्ञानिकों ने हाल में ही______की सहायता से विश्व का सबसे छोटा प्रकाश बल्ब बनाया है।**

(a) टंगस्टान (b) ग्रेफीन
(c) क्रोमियम (d) ग्रेफाइट

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – कोलम्बिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने ग्रेफीन की सहायता से विश्व का सबसे छोटा प्रकाश बल्ब बनाया है। इसे नंगी आंखों से भी देखा जा सकता है। अनुसंधानकर्ताओं का दावा है कि इससे कारों, इमारतों, सेटेलाइट, स्मार्टफोन और कम्प्यूटर को भी बदलने में मदद मिलेगी।

**69. दृश्य वर्णक्रम में सबसे कम तरंग दैर्ध्य वाला रंग है–**

(a) लाल (b) पीला
(c) नीला (d) बैंगनी

**उत्तर–(d)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या– विद्युत चुंबकीय तरंगों के वर्णक्रम में एक हिस्सा जो मानव आँख को दिखाई देता है, दृश्य वर्णक्रम कहलाता है। यह लगभग 400nm से 700nm के बीच होता है। दृश्य वर्णक्रम में बैंगनी रंग का तरंगदैर्ध्य सबसे कम तथा आवृत्ति उच्चतम होती है जबकि लाल रंग का तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक तथा आवृत्ति सबसे कम होती है।

**70. निम्नलिखित में से कौन सी सदिश राशि है?**

(a) समय (b) चाल
(c) विस्थापन (d) दूरी

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–वे राशियाँ जिनको व्यक्त करने के लिए दिशा एवं परिमाण दोनों की आवश्यकता होती है, सदिश राशियाँ कहलाती हैं। अतः बल, वेग, विस्थापन, त्वरण, संवेग और आवेग आदि सदिश राशियाँ हैं।

**71. एक भारहीन गुब्बारे में 200 ग्राम जल भरा गया है। इसका जल में भार होगा–**

(a) शून्य (b) 100 ग्राम
(c) 200 ग्राम (d) 400 ग्राम

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– एक भारहीन गुब्बारे में 200 ग्राम जल भरा गया है। इसका जल में भार शून्य होगा। क्योंकि आर्कमिडीज के सिद्धान्त के अनुसार जल में किसी भी वस्तु का भार उसके द्वारा हटाए गये जल के भार के बराबर होता है। अतः जल में वस्तु का आभासी भार = वस्तु का वास्तविक भार – वस्तु द्वारा हटाए गये जल का भार

$= 200g - 200g = 0$

## रसायन विज्ञान

**72. कौन सूक्ष्म तत्त्व नहीं है?**

(a) लोहा (b) जस्ता
(c) गंधक (d) मैंग्नीज़

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–वे पोषक तत्त्व जिनकी आवश्यकता जीवों को सूक्ष्म मात्रा में होती है, उनको सूक्ष्म पोषक तत्त्व की संज्ञा दी जाती है। जैसे–आयरन (Fe), मैंगनीज (Mn), ताँबा (Cu), जिंक (Zn), मॉलिब्डेनम (Mo), क्लोरीन (Cl). तथा बोरॉन आदि। गंधक या सल्फर अधात्विक तत्व है। गंधक पौधों के गौण पोषक तत्व वर्ग में आता है।

**73. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) क्लोरोफिल – मैग्नीशियम
(b) हीमोग्लोबिन – आयरन
(c) खाने का नमक – सोडियम
(d) कपड़े धोने का सोडा – पोटैशियम

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–सही सुमेलन है-

| | | |
|---|---|---|
| क्लोरोफिल | - | मैग्नीशियम |
| हीमोग्लोबिन | - | आयरन |
| खाने का नमक | - | सोडियम |
| कपड़े धोने का सोडा | - | सोडियम |

**74. निम्नलिखित में से कौन फलों के पकने में बढ़ावा देता है?**

(a) कार्बन डाइऑक्साइड (b) सल्फर डाइऑक्साइड
(c) नाइट्रोजन (d) एथिलीन

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–एथिलीन एक कार्बनिक यौगिक है इसका रासायनिक सूत्र ($C_2H_4$) होता है। यह रंगहीन, अत्यंत ज्वलनशील, हल्की मीठी गंध वाली गैस है। इसका व्यापक इस्तेमाल प्लास्टिक निर्माण में होता है। एथिलीन एक महत्वपूर्ण पादप हार्मोन भी है, जिसका उपयोग कृत्रिम रूप से फलों को पकाने में किया जाता है।

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**75. निम्नलिखित विटामिनों में से कौन सा शरीर में भंडारित नहीं होता है?**

(a) विटामिन A (b) विटामिन C
(c) विटामिन D (d) विटामिन E

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–विटामिन B तथा C जो कि जल में घुलनशील होते हैं इनका भंडारण हमारे शरीर में नहीं होता है। ये मूत्र के साथ शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

**76. निम्नलिखित विटामिनों में से किसमें कोबाल्ट होता है?**

(a) विटामिन K (b) विटामिन $B_{12}$
(c) विटामिन $B_6$ (d) विटामिन $B_2$

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–विटामिन $B_{12}$ का रासायनिक नाम साएनोकोबाल्मिन है। यह जल में घुलनशील विटामिन है इस विटामिन में कोबाल्ट धातु उपस्थित होता है। मानव शरीर में यह विटामिन लाल रक्त कणिकाओं (RBC) की परिपक्वता हेतु आवश्यक प्रोटीन का संश्लेषण करता है।

**77. गोल्डेन चावल एक प्रचुरतम स्रोत है–**

(a) विटामिन A (b) विटामिन $B_{12}$
(c) विटामिन C (d) विटामिन D

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– गोल्डेन चावल विटामिन A का प्रचुरतम स्रोत है। इसे बीटा-कैरोटीन के उच्च स्तर के लिए आनुवांशिक रूप से संवर्धित किया गया है। चावल में विटामिन A की अधिकता के कारण बच्चों में होने वाले रोगों जैसे अंधापन एवं खसरा आदि से लड़ने की क्षमता है।

## कृषि, पशुपालन एवं डेरी

**78. अफ़ीम प्राप्त किया जाता है–**

(a) सूखी पत्तियों से (b) जड़ों से
(c) बिना पके फल के लैटेक्स से (d) पके फल के लैटेक्स से

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–अफीम पौधे के दूध (latex) को सूखाकर बनाया गया पदार्थ होता है, जिसके सेवन से मादकता आती है। अफीम में 12% तक मार्फीन (Marphine) पाई जाती है जिसे प्रसंस्करण कर हेरोइन नामक एक अन्य मादक द्रव (Drug) तैयार किया जाता है। अफीम का दूध निकालने के लिए उसके कच्चे, अपक्व फल में एक चीरा लगाया जाता है : जिससे दूध निकलने लगता है, जो निकलकर सूख जाता है। यह चिपचिपा (Sticky) होता है।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**79. ए.टी.एम. से तात्पर्य है–**

(a) ऑटोमेटिक ट्रांजेक्शन मशीन (b) ऑटोमेटिक ट्रान्सफर मशीन
(c) ऑटोमेटेड टेलर मशीन (d) एडवान्स ट्रांजेक्शन मशीन

**उत्तर–(c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–स्वचालित गणक मशीन (Automated Teller Machine) को आटोमैटिक बैंकिंग मशीन, कैश पाइंट, होल इन द वॉल, बैंनकोमैट जैसे नामों से यूरोप, अमेरिका व रूस आदि में जाना जाता है। यह मशीन दूरसंचार से नियंत्रित ऐसा कम्प्यूरीकृत उपकरण है जो ग्राहकों को वित्तीय हस्तांतरण से जुड़ी सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**80. निम्नलिखित नगरों में से किसमें 'इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एण्ड एनवायरमेंट स्थित है?**

(a) नई दिल्ली (b) तिरुवनंतपुरम्
(c) कोलकाता (d) जोधपुर

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–`इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एंड एनवायरमेंट की स्थापना वर्ष 1980 में नई दिल्ली में हुई थी।

**81. जैव-विविधता को परिभाषित किया जाता है–**

(a) किसी पर्यावरण में विभिन्न प्रजातियों की श्रेणी
(b) किसी पर्यावरण में रोजाना और मौसमी परिवर्तन
(c) एक प्रजाति की दूसरी प्रजाति से भिन्नता
(d) भौतिक घटकों का किसी पर्यावरण पर प्रभाव

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–किसी प्राकृतिक प्रदेश में पाई जाने वाली जंगली तथा पालतू जीव-जन्तुओं एवं पादपों की प्रजातियों की बहुलता को जैव-विविधता कहते हैं। जैव विविधता से तात्पर्य पृथ्वी पर पाये जाने वाले जीवों की विविधता से है। जैव विविधता का शब्द का प्रयोग वॉल्टर जी. रोजेन ने 1985 ई. में किया।

**82. 'भारतीय राष्ट्रीय जैविक-विविधता प्राधिकरण' स्थापित किया गया-**

(a) 2003, चेन्नई में (b) 2003 बंगलुरु में
(c) 2003 हैदराबाद में (d) 2003, केरल में

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–'भारतीय राष्ट्रीय जैविक-विविधता प्राधिकरण' की स्थापना भारत सरकार ने जैव विविधता अधिनियम के भाग (8) के अंतर्गत अक्टूबर, 2003 को चेन्नई (तमिलनाडु) में किया। यह एक स्वायत्त, वैधानिक एवं नियामक संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य जैव विविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करना है।

**83. निम्नलिखित में से कौन वायु प्रदूषक सर्वाधिक हानिकारक है?**

(a) ओज़ोन (b) हाइड्रोजन सल्फाइड
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) कार्बन मोनोक्साइड

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) हवा से भारी, पानी में अघुलनशील, गंध-स्वादहीन एवं रंगहीन गैस है। इसे दमघोटू गैस भी कहते हैं। श्वास के माध्यम से मानव शरीर में पहुँचकर यह रक्त में उपस्थित हीमोग्लोबिन की ऑक्सीजन वहन क्षमता को बिल्कुल कम कर देती है, जिसके फलस्वरूप मानव की मृत्यु हो जाती है। ध्यातव्य है कि कॉर्बन मोनोऑक्साइड की मनुष्य के रक्त में उपस्थित हीमोग्लोबिन से क्रिया करने की क्षमता ऑक्सीजन की अपेक्षा 250 गुना अधिक होती है।

**84. जलीय फर्न, जिसे जैव उर्वरक के रूप में प्रयुक्त किया जाता है, वह है-**

(a) साल्विनिया (b) एजोला
(c) मार्सिलिया (d) टेरिडियम

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–एजोला ठण्डे पानी में उगने वाला एक घास (पौधा) है, जो प्रायः तालाबों और पानी भरे स्थानों पर तैरती हुई उगती है। इसकी वृद्धि इतनी तीव्र गति से होती है कि यह 20 से 30 दिनों के भीतर दोगुनी हो जाती है इसका प्रयोग धान की फसल में जैव-उर्वरक के रूप में किया जाता है यह धान की फसल में नील हरित शैवाल की अपेक्षा अधिक प्रभावकारी सिद्ध हुई है। एजोला की नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता अधिक होती है। यह एक जलीय फर्न है जिसमें एनाबीना एजोली नामक शैवाल सहजीवी के रूप में वास करता है।

**85. ऑक्सीजन, जो प्रकाश-संश्लेषण से उत्पन्न होती है, आती है–**

(a) जल से (b) कार्बन डाइऑक्साइड से
(c) क्लोरोफिल से (d) फॉस्फोग्लिसेरिक एसिड से

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– प्रकाश संश्लेषण की क्रिया एक उपचयन-अपचयन (Oxidation-Reduction) क्रिया है। इसमें जल का उपचयन (Oxidation) ऑक्सीजन के बनने में तथा कॉर्बन डाई ऑक्साइड का अपचयन (Reduction) शर्करा के निर्माण में होता है।

**86. प्रकाश-संश्लेषण में कौन सा प्रकाश सबसे अधिक प्रभावकारी होता है?**

(a) लाल (b) नीला
(c) हरा (d) बैंगनी

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–प्रकाश संश्लेषण की क्रिया केवल दृश्य प्रकाश वर्णों (VIBGYOR) में संपन्न होती है। पर्णहरित (Chlorophyll) प्रकाश में बैंगनी, नीला और लाल रंग को ग्रहण करता है। प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बैंगनी रंग के प्रकाश में सबसे कम तथा लाल रंग के प्रकाश में सबसे अधिक होती है।

## प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

**87. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची-I (जनपद) | सूची-II (खनिज) |
|---|---|
| A. सोनभद्र | 1. नॉन-प्लास्टिक फायर क्ले |
| B. इलाहाबाद | 2. ताँबा |
| C. ललितपुर | 3. शीशे वाली बालू (ग्लास सैण्ड) |
| D. मिर्ज़ापुर | 4. चूने का पत्थर |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–सही सुमेलन इस प्रकार है :–

| जनपद | खनिज |
|---|---|
| सोनभद्र | चूने का पत्थर |
| इलाहाबाद (प्रयागराज) | ग्लास सैण्ड |
| ललितपुर | ताँबा |
| मिर्ज़ापुर | नॉन प्लास्टिक फायर क्ले |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

88. **उत्तर प्रदेश का गुरु पूर्णिमा पर्व समर्पित है ऋषि–**

(a) व्यास को (b) वशिष्ठ को
(c) वाल्मीकि को (d) भृगु को

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – आषाढ़ मास की पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्म हुआ था। इस दिन गुरु पूजा का विधान है। गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरंभ में आती है। इस दिन से चार महीने तक परिव्राजक साधु संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं।

89. **उत्तर प्रदेश के किस क्षेत्र में सोयाबीन की फसल मुख्यत: उगायी जाती है?**

(a) पूर्वी क्षेत्र (b) केन्द्रीय क्षेत्र
(c) विन्ध्य क्षेत्र (d) बुन्देलखण्ड क्षेत्र

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र के जालौन, झाँसी, ललितपुर हमीरपुर, बाँदा और महोबा नामक जिलों में सोयाबीन की खेती की जाती है। इसके अतिरिक्त बदायूँ, शाहजहाँपुर, रामपुर, बरेली तथा मेरठ आदि जिलों में भी इसकी खेती की जाती हैं।

90. **उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है :**

(a) वाराणसी में (b) झांसी में
(c) बाँदा में (d) बरेली में

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**– उत्तर प्रदेश के झाँसी में रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना संसद के एक अधिनियम (सं. 10,2014) द्वारा स्थापित किया गया है। इस विश्वविद्यालय के प्रमुख उद्देश्यों में कृषि एवं सम्बद्ध विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में शिक्षा प्रदान करना, कृषि के क्षेत्र में शोध आदि को बढ़ावा देना आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त बदायूँ, शाहजहाँपुर, रामपुर, बरेली तथा मेरठ आदि जिलों में भी इसकी खेती की जाती है।

91. **उ.प्र. में सबसे पुराना विश्वविद्यालय है–**

(a) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(c) चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(d) लखनऊ विश्वविद्यालय

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में सबसे पुराना विश्वविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 1887 ई. में हुई थी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना 1916 ई. में, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की स्थापना 1965 ई. में तथा लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना 1921 ई. हुई थी।

92. **डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड अवस्थित है–**

(a) आगरा में (b) इलाहाबाद में
(c) कानपुर में (d) लखनऊ में

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड की स्थापना वर्ष 1997 में कानपुर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से विश्व बैंक की सहायता से की गयी थी।

93. **निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) नोयडा – सॉफ्टवेयर एवं आई.टी. उद्योग
(b) सीतापुर – प्लाईवुड उद्योग
(c) गोरखपुर – खेलकूद के सामान बनाने का उद्योग
(d) वाराणसी – रेशम उद्योग

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – गोरखपुर महानगर की अर्थव्यवस्था सेवा उद्योग पर आधारित है। गोरखपुर हाथ से बुने कपड़ों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ का टेरा कोटा उद्योग अपने उत्पादों के लिए जाना जाता है जबकि खेलकूद के सामान बनाने का उद्योग मुख्यतया मेरठ में अवस्थित है। शेष विकल्प सुमेलित हैं।

94. **सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए। सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिये कूट से कीजिए :**

| **सूची-I (उद्योग)** | **सूची-II (केन्द्र)** |
|---|---|
| A. लकड़ी के खिलौने | 1. मेरठ |
| B. खेल का समान | 2. बरेली |
| C. पीतल की मूर्तियाँ | 3. वाराणसी |
| D. दियासलाई | 4. मथुरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–सही सुमेलन इस प्रकार है:–

| **उद्योग** | **केन्द्र** |
|---|---|
| लकड़ी के खिलौने | वाराणसी |
| खेल का सामान | मेरठ |
| पीतल की मूर्तियाँ | मथुरा |
| दियासलाई | बरेली |

## तर्कशक्ति परीक्षण

95. **निम्नलिखित में लुप्त अक्षर क्रम से हैं :**

**LK_NL_MN_KM_**

(a) IJKL (b) JKMN
(c) MKLN (d) LKMN

**उत्तर–(c)**


**व्याख्या**–L K M N' / L K MN/L KMN अत: लुप्त अक्षर = MKLN है।

96. **गीता की ओर इंगित करते हुए रमेश ने कहा, 'मैं उनकी माँ के पुत्र का इकलौता पुत्र हूँ।'' गीता का रमेश से क्या संबंध है?**

(a) माता (b) मौसी
(c) बुआ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– रक्त सम्बन्ध आरेख निम्न है–




रमेश, गीता के भाई का इकलौता पुत्र है अत: गीता, रमेश की बुआ है।

97. **निम्नलिखित को तार्किक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर दीजिए :**

1. आयत 2. रेखा 3. त्रिभुज 4. बिन्दु 5. कोण

**कूट :**

(a) 4, 2, 3, 1, 5 (b) 4, 2, 5, 3, 1
(c) 1, 3, 5, 4, 2 (d) 1, 3, 4, 5, 2

**उत्तर–(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–दो बिन्दुओं के मिलने से रेखा बनती है रेखाओं के मिलने से कोण, कोणों के मिलने से त्रिभुज और त्रिभुजों को मिलाकर 'आयत' बनाया जा सकता है।
अतः सही क्रम होगा–
बिन्दु, रेखा, कोण, त्रिभुज, आयात
→ 4, 2, 5, 3, 1

**98. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक संज्ञा (?) के स्थान पर कौन सा अक्षर है?**

| | | |
|---|---|---|
| **A** | **D** | **H** |
| **F** | **I** | **M** |
| **?** | **N** | **R** |

(a) K (b) N
(c) O (d) P
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–अंग्रेजी वर्णमाला में क्रम

| | | |
|---|---|---|
| A | D | H |
| F | I | H |
| ? | N | R |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 |
| 6 | 9 | 13 |
| | 14 | 18 |

दूसरे कॉलम में : 4 + 5 = 9
9 + 5 = 14
तीसरे कॉलम में : 8 + 5 = 13
13 + 5 = 18
इसी तरह पहले कॉलम में :–
1 + 5 = 6
6 + 5 = 11 → K

**99. निम्नलिखित में से विजातीय चुनिए :**
(a) AZCX (b) LOMN
(c) EVFU (d) GTHR
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–विकल्प (a) में : विपरीत
A ⟷ Z
C ⟷ X
विकल्प (B) में : विपरीत
L ⟷ O
M ⟷ N
विकल्प (C) में : विपरीत
E ⟷ V
F U
विकल्प (d) में : विपरीत
G ⟷ T
H S
जबकि H के विपरीत S है लेकिन R दिया है। अतः विजातीय विकल्प (d) है।


**100. 18-9-1977 को रविवार था। एक जोड़े का विवाह इस तिथि को हुआ था। अगले 15 वर्षों में उनके विवाह की वर्षगांठ कितनी बार रविवार को पड़ेगी?**
(a) 1 (b) 2
(c) 5 (d) 9
10.
**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–वर्ष 1977 से अगले 15 वर्षों तक का विषम दिन :

| **वर्ष** | **विषम दिन** |
|---|---|
| 1978 | 1 |
| 1979 | 1 |
| 1980 | 2 |
| 1981 | 1 |
| 1982 | 1 |
| 1983 | 1 |
| 1984 | 2 |
| 1985 | 1 |
| 1986 | 1 |
| 1987 | 1 |
| 1988 | 2 |
| 1989 | 1 |
| 1990 | 1 |
| 1991 | 1 |
| 1992 | 2 |


1983 तक के विषम दिनों का योग
= 7 ≅ O विषम दिन
1988 तक के विषम दिनों का योग
= 14 ≅ O विषम दिन
अर्थात् 18-9-1977 के जैसा समान दिन वर्ष 1983 और 1988 में होगा। अतः 15 वर्षों में उनके विवाह की वर्षगाँठ 2 बार रविवार को पड़ेगी।

**101. निम्नलिखित में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सा अक्षर आता है?**
D, F, I, M, ?, X
(a) S (b) T
(c) Q (d) R
**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–



**102. यदि Z = 26, NET = 39, तो UNT बराबर है–**
(a) 50 (b) 53
(c) 55 (d) 56
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– Z = 26
NET = 14 + 5 + 20 = 39
इसी प्रकार, NUT = 14 + 21 + 20= 55

**103. निम्नलिखित में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर संख्या है :**



(a) 7 (b) 6
(c) 2 (d) 0
**उत्तर–(a)**


GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–पहले चित्र में : (5 + 6) -(4 + 7)
= 11 - 11 = o
दूसरे चित्र में : (7 + 6) - (8 +4)
= 13-12 =1
तीसरे चित्र में : (11 + 5) -(6 + 3)
= 16-9 = 7

## गणित

**104. निम्नलिखित में से कौन सबसे बड़ा है?**

(a) $4^{1/3}$ (b) $6^{1/4}$
(c) $15^{1/6}$ (d) $245^{1/12}$

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– $4^{1/3} = 4^{4/12} = (4^4)^{1/12} = (256)^{1/12}$
$6^{1/4} = 6^{3/12} = (6^3)^{1/12} = (216)^{1/12}$
$15^{1/6} = 5^{2/12} = (15^2)^{1/12} = (225)^{1/12}$
$245^{1/12} = (245)^{1/12}$
सबसे बड़ी संख्या = $(256)^{1/12} = 4^{1/3}$

## समसामयिकी

**105. निम्नलिखित में से किस हरिकेन ने सन् 2012 में यू.एस.ए. के उत्तर-पूर्व एवं पूर्वी तटीय प्रान्तों को दुष्प्रभावित किया?**

(a) कैटरीना (b) विल्मा
(c) रीटा (d) सैण्डी

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – सैण्डी चक्रवात वर्ष 2012 के चक्रवाती मौसम का 18वाँ उष्णकटिबंधीय चक्रवात है। इस चक्रवात ने जमैका, क्यूबा, बहामास, हैती, डोमिनिकन गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका को प्रभावित किया है। 18 अक्टूबर, 2012 को कैरेबियाई सागर के ऊपर निर्मित यह चक्रवात 30 अक्टूबर, 2012 को अमेरिका के पूर्वी तट पर पहुंचा। हाल के वर्षों में भारत में आए प्रमुख चक्रवात - तौकते, यास, निसर्ग, अम्फान, आदि हैं।

**106. निम्नलिखित में से किसने इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच, जुलाई 2015 की ऐशेस सीरीज में दोहरा शतक जड़ा?**

(a) कुक (b) रूट
(c) स्मिथ (d) स्टोक्स

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड एवं ऑस्ट्रेलिया के बीच, जुलाई 2015 की एशेस सीरीज में दोहरा शतक जड़ा था। एशेस सीरीज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैण्ड के मध्य क्रिकेट मैच खेला जाता है। वर्ष 2023 में यह सीरीज बर्मिंघम के एजबेस्टन में जून, 2023 से शुरू होकर ओवाल (लंदन) में सितम्बर, 2023 में समाप्त होगी।

**107. 'ट्रिप एडवाइजर' द्वारा जून, 2015 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा विश्व का सबसे सस्ता पर्यटक स्थल है?**

(a) हनोई (b) मुम्बई
(c) वॉरसा (d) टोरण्टो

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'ट्रिप एडवाइजर' द्वारा जून 2015 में जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व का सबसे सस्ता पर्यटक स्थल हनोई (वियतनाम) है। ट्रिप एडवाइजर 2022 की रिपोर्ट में विश्व के सबसे पसंदीदा गंतव्य पर्यटक स्थलों में दुबई को प्रथम स्थान मिला। वहीं 10वीं रैंक तक भारत का कोई शहर नहीं था।

**108. हाल ही में जापान में मतदान की आयु घटा दी गई है-**

(a) 20 से 18 वर्ष (b) 21 से 18 वर्ष
(c) 25 से 20 वर्ष (d) 25 से 18 वर्ष

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–17 जून, 2015 को जापान में मतदान की आयु 20 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई है। अंतिम बार जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1945 में मतदान की आयु 25 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष की थी तथा महिलाओं को भी मताधिकार प्रदान किया था।

**109. किस विकसित देश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा हाल में बकायादार घोषित किया गया है?**

(a) अर्जेन्टीना (b) ग्रीस
(c) यूक्रेन (d) जमैका

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–29 जून, 2015 को ग्रीस ने इस बात की पुष्टि कर दी कि वह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के 1.5 अरब यूरो के ऋण का भुगतान नहीं कर पाया। इसके पश्चात् ग्रीस को अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया।

**110. इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस ने जून, 2015 में 'विश्व शान्ति सूचकांक, 2015' जारी किया है। इसमें भारत का कौन सा स्थान है?**

(a) 154वाँ (b) 114वाँ
(c) 84वाँ (d) 143वाँ

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**– 'इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस' द्वारा जून, 2015 में जारी 'विश्व शांति सूचकांक', 2015 के अनुसार भारत को 143वाँ स्थान प्राप्त हुआ।
विश्व शांति सूचकांक, 2023 में भारत 163 देशों में से 126वें स्थान पर है।

**111. किस देश ने हाल में विश्व का प्रथम इलेक्ट्रिक यात्री विमान BX-1E बनाया है?**

(a) जापान (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) स्विट्जरलैंड (d) चीन

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या**–चीन ने हाल में विश्व का प्रथम इलेक्ट्रिक यात्री विमान BX-1E बनाया गया। इस विमान का अधिकतम भार 230 किग्रा. है और यह 3000 मीटर की ऊँचाई पर उड़ सकता है। दो घंटे में चार्ज होने वाला यह विमान अधिकतम 160 किमी./घंटे की रफ्तार से 45 मिनट से एक घंटे तक की उड़ान भर सकता है।

**112. भारत के राष्ट्रपति की हाल की स्वीडन यात्रा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. श्री प्रणव मुखर्जी स्वीडन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्रपति थे।
2. उन्होंने स्वीडन की यात्रा जून, 2015 के अन्तिम सप्ताह में की थी।
3. नगरीय विकास, मध्यम और छोटे आकार के उद्यमों, ध्रुवीय अनुसंधान और चिकित्सा आदि के क्षेत्रों में सहयोग से संबंधित छः समझौते हुए।

**उपर्युक्त कथनों में कौन से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3 (d) सभी 1,2 और 3

**उत्तर–(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने स्वीडन की यात्रा मई, 2015 के अंतिम सप्ताह में की थी। राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने 31 मई से 4 जून, 2015 तक स्वीडन और बेलारूस की पाँच दिन की यात्रा की थी। भारत के किसी राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की यह पहली यात्रा थी। इस दौरान दोनों देशों के मध्य 6 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

**113. हाल में किस राज्य सरकार द्वारा थर्माकोल की प्लेटो की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है?**

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखण्ड
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या**–झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में 19 जून, 2015 को थर्माकोल की प्लेटों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2 अक्टूबर, 2019 से सभी प्रकार के पॉलीबैग व प्लास्टिक (डी कम्पोस्ट नहीं हो सकते) तथा थर्माकोल के प्लेटो की ब्रिकी पर प्रतिबन्ध लगाया है।

**114. निम्नलिखित में से किसने हाल ही में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रथम शतक बनाया?**

(a) मनोज तिवारी (b) मनीष पांडे
(c) केदार जाधव (d) रोबिन उथप्पा

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– प्रश्नकाल के दौरान केदार जाधव ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रथम शतक बनाया। पुणे के इस दायें हाथ के बल्लेबाज ने तीसरे वनडे में जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच में अपना पहला शतक जड़ा, जिसमें उन्होंने 87 गेंदों में 12 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 105 रन बनाया।

**115. इस वर्ष की भगवान जगन्नाथ की 'नव कलेवर' रथयात्रा सदी है?**

(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**–इस वर्ष की भगवान जगन्नाथ की 'नव कलेवर' रथयात्रा सदी की प्रथम यात्रा है। नव कलेवर यात्रा जगन्नाथ मंदिरों से जुड़ा एक प्राचीन उत्सव है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन महाराज की पुरानी मूर्तियों को बदलकर नवीन मूर्तियाँ स्थापित की जाती हैं। परम्परानुसार यह तब किया जाता है जब आषाढ़ मास 'अधिकमास' होता है। यह प्रायः 8 वर्ष, 11 वर्ष अथवा 19 वर्ष बाद आता है। वर्ष 2015 की भगवान जगन्नाथ की नव कलेवर यात्रा सदी की पहली रथयात्रा थी, इसके पूर्व रथयात्रा 1996 में सम्पन्न हुई थी।

**116. 2015-16 में संघ सरकार के बजट में निम्नलिखित में से कौन सी पेंशन योजना को पुनः आरम्भ किया गया?**

(a) राम मनोहर लोहिया पेंशन योजना
(b) प्रधानमंत्री पेंशन योजना
(c) अटल पेंशन योजना
(d) निरंतर पेंशन योजना

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**–2015-16 के संघ सरकार के बजट में अटल पेंशन योजना को पुनः आरंभ किया गया। यह योजना असंगठित क्षेत्र के नागरिकों पर केन्द्रित पेंशन योजना है। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के पश्चात् 1000, 2000, 3000, 4000 या 5000 प्रतिमाह रूपये की न्यूनतम पेंशन की गारंटी ग्राहकों द्वारा योगदान के आधार पर दिया जायेगा। योजना हेतु आवेदनकर्ता की आयु 18-40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

**117. निम्नलिखित में से किस राज्य ने हाल ही (जुलाई 2015) में लोकायुक्त के चयन में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) उत्तर प्रदेश (d) राजस्थान

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– उत्तर प्रदेश में 27 अगस्त, 2015 को लोकायुक्त अधिनियम में संशोधन कर सरकार ने तीन सदस्यीय चयन समिति को चार सदस्यीय करते हुए इसमें राज्य के मुख्य न्यायाधीश की भूमिका समाप्त कर दी गई है अब लोकायुक्त चयन समिति में विधानसभा अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष होंगे। उत्तर प्रदेश लोकायुक्त अधिनियम 1975 में पारित किया गया। प्रथम लोकायुक्त विश्वम्भर दयाल थे तथा वर्तमान लोकायुक्त भूतपूर्व न्यायाधीश संजय मिश्रा को बनाया गया है।

**118. किस भारतीय व्यावसायिक बैंक ने सबसे पहले चलती-फिरती ATM सेवा प्रारम्भ की?**

(a) आई सी आई सी आई (b) आई डी बी आई
(c) एच डी एफ सी (d) एस बी आई

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या**– आई सी आई सी आई नामक व्यावसायिक बैंक ने भारत में सर्वप्रथम मोबाइल एटीएम सेवा प्रारंभ की थी।

## विविधा

**119. निम्नलिखित में से कौन सा 'सांस्कृतिक विलम्बना' का कारक नहीं है?**

(a) धर्म (b) राजनीति
(c) कानून (d) परम्परा

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से संस्कृति दो प्रकार की होती है – भौतिक और अभौतिक। जब भौतिक संस्कृति जैसे विज्ञान, तकनीकी विकास, कम्प्यूटर व अन्य संसाधनों में तीव्र गति से विकास होता है परन्तु अभौतिक संस्कृति जैसे हमारे रीति-रिवाज, प्रथाएँ अथवा परम्पराएँ, धर्म, कानून और सामाजिक मान्यताओं में विकास नहीं हो पाता तथा भौतिक संस्कृति, अभौतिक संस्कृति से अधिक तीव्र गति से विकास कर आगे निकल जाती है ऐसी अवस्था आगबर्न के अनुसार "सांस्कृतिक विलम्बना" कहलाती है। सांस्कृतिक विलंबना के जिम्मेदार कारकों में 'राजनीति' की गणना नहीं की जाती है।

**120. सन् 2004 की सुनामी द्वारा भारत के निम्न तटों में से कौन सर्वाधिक दुष्प्रभावित हुआ था?**

(a) मालाबार तट (b) कोंकण तट
(c) कोरोमण्डल तट (d) उत्तरी सरकार तट

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या**– कोरोमण्डल तट का विस्तार भारत के दक्षिणी प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्व में आंध्र प्रदेश के काल्स डीवी विदू से तमिलनाडु के केप कमोरिन (कन्याकुमारी) तक है। वर्ष 2004 की सुनामी से यहाँ पर भीषण तबाही हुई थी। 26 दिसम्बर, 2004 को हिन्द महासागर में आये सूनामी ने भारत सहित दुनिया के कई देशों में तबाही मचाई थी। कुल 13 प्रभावित देशों में भारत, इण्डोनेशिया, श्रीलंका, थाईलैण्ड, मालदीव आदि प्रमुख हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2014

# सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण

### हल प्रश्न-पत्र

## विलोम

**1. 'आहूत' का विलोम शब्द है–**

(a) हूत (b) अनहूत

(c) अपहूत (d) अनाहूत

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – 'आहूत' का विलोम शब्द 'अनाहूत' है। शेष विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

**2. 'अथ' का विलोम शब्द है–**

(a) अथक (b) पृथक

(c) इति (d) अति

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** –'अथ' का विलोम शब्द 'इति' होगा। शेष विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

**3. 'वादी' का विलोम शब्द है–**

(a) अवादी (b) विवादी

(c) प्रतिवादी (d) अनावादी

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** – 'वादी' का विलोम शब्द 'प्रतिवादी' होगा। शेष विकल्प तर्क संगत नहीं हैं। पृथक का विलोम संयुक्त तथा अति का विलोम न्यून होगा।

**4. 'अवर' का विलोम शब्द है–**

(a) लघु (b) प्रवर

(c) सुवर (d) कनिष्ठ

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – 'अवर' का विलोम शब्द 'प्रवर' होगा। जबकि 'लघु' का विलोम 'गुरु' तथा 'कनिष्ठ' का विलोम 'वरिष्ठ' एवं 'सुवर' का विलोम 'कुवर' होगा।

**5. 'जटिल' का विलोम शब्द है–**

(a) सरल (b) कुटिल

(c) सहज (d) अजटिल.

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'जटिल' का विलोम शब्द 'सरल' है। जबकि कुटिल का भी विलोम 'सरल' होगा तथा 'सहज' का विलोम 'असहज' होगा।

**6. विलोम की दृष्टि से एक युग्म अशुद्ध है–**

(a) आयात-निर्यात (b) दृश्य-अदृश्य

(c) प्रत्यक्ष-परोक्ष (d) आमिष-सामिष

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – विलोम की दृष्टि से 'आमिष-सामिष' युग्म अशुद्ध है। इसका शुद्ध युग्म 'आमिष-निरामिष' होगा। जबकि आयात-निर्यात, दृश्य-अदृश्य, प्रत्यक्ष-परोक्ष विलोम की दृष्टि से शुद्ध युग्म हैं।

## वाक्य एवं वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ

**7. निम्न में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :**

(a) उज्ज्वल (b) वैमनस्यता

(c) कवित्री (d) प्रमाणिक

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'उज्ज्वल' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। जबकि कवित्री का 'कवयित्री' तथा प्रमाणिक का प्रामाणिक' एवं वैमनस्यता का 'वैमनस्य' शुद्ध वर्तनी' होगा।

**8. निम्नलिखित शब्दों में किसकी वर्तनी शुद्ध है?**

(a) संन्यास (b) प्रत्यूपकार

(c) दुरावस्था (d) कैलाष

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'संन्यास' शब्द की वर्तनी शुद्ध है जबकि अन्य विकल्प में दिए गये शब्दों की शुद्ध वर्तनी होगी।

| अशुद्ध | – | शुद्ध |
|---|---|---|
| प्रत्यूपकार | – | प्रत्युपकार |
| दुरावस्था | – | दुरवस्था |
| कैलाष | – | कैलास |

**9. निम्न में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :**

(a) उद्घोष (b) एकता

(c) तात्कालिक (d) उपरोक्त

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** –'उपरोक्त' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध वर्तनी 'उपर्युक्त' होगा। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**10. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य अशुद्ध है :**

(a) काशी सदैव से भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है।

(b) गाँधीजी का चरखा चलाना 'स्वदेशी' का प्रतीक था।

(c) वन-जीवन के कष्टों का भय भी सीता को राम के अनुगमन से रोक नहीं सका।

(d) अपनी कुशल रणनीति से शिवाजी ने विपक्षियों के छक्के छुड़ा दिये थे।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'काशी सदैव से भारतीय संस्कृति का केन्द्र रहा है।' यह अशुद्ध वाक्य है। क्योंकि इस वाक्य में 'काशी' शब्द कर्ता है जो सदैव स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होता है। अतः 'रहा है' के स्थान पर 'रही है' होना चाहिए। शेष सभी शुद्ध वाक्य हैं।

**11. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है :**

(a) वे सब प्रकार के दोषों से विहीन हैं।

(b) वे सब दोषों से हीन हैं।

(c) वे सब प्रकार के दोषों से मुक्त हैं।

(d) वे सभी ही दोषों से मुक्त हैं।

**उत्तर–(c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** –'वे सब प्रकार के दोषों से मुक्त हैं।' यह शुद्ध वाक्य है। जबकि 'वे सब प्रकार के दोषों से विहीन हैं।' तथा 'वे सब दोषों से हीन हैं।' वाक्यों में क्रमशः 'विहीन' एवं 'हीन' शब्दों का प्रयोग अनुपयुक्त है। इसी प्रकार 'वे सभी ही दोषों से मुक्त हैं।' वाक्य में 'सभी ही' शब्द का प्रयोग अनुपयुक्त है चूँकि 'सभी→ सब + ही' होता हैं। स्पष्ट है कि 'ही' का प्रयोग अतिरिक्त है। अतः वाक्य त्रुटिपूर्ण है।

**12. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है :**

(a) पृथ्वीराज चौहान ने यदि राजनीतिक चातुर्य का परिचय दिया होता तो आज भारत का इतिहास कुछ और ही होता।

(b) गिलास ऊपर तक दूध से ठसाठस भरा हुआ था।

(c) प्रबुद्ध विद्यार्थियों को शिक्षक का केवल संकेत मात्र ही पर्याप्त होता है।

(d) शिक्षक ने विद्यार्थियों को आतंकवाद के ऊपर निबन्ध लिखने का आदेश दिया।

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –विकल्प (a) में निहित वाक्य शुद्ध है। जबकि 'गिलास ऊपर तक दूध से ठसाठस भरा हुआ था। वाक्य में 'ठसाठस' का प्रयोग अनुपयुक्त है। 'प्रबुद्ध विद्यार्थियों को शिक्षक का केवल संकेत मात्र ही पर्याप्त होता है।' वाक्य में दो शब्द 'केवल' एवं 'मात्र' समानार्थी' हैं। इस तरह वाक्य में केवल या मात्र में से किसी एक शब्द का प्रयोग करना चाहिए। वाक्य 'शिक्षक ने विद्यार्थियों को आतंकवाद के ऊपर निबन्ध लिखने का आदेश दिया।' अशुद्ध है क्योंकि के ऊपर' शब्द का प्रयोग अनुपयुक्त है। इसके स्थान पर 'पर' शब्द प्रयोग होना चाहिए।

## अनेक शब्दों के एक शब्द

**13. 'जिसे जानने की इच्छा है'– के लिए एक शब्द है–**

(a) ज्ञानार्थी (b) जिज्ञासु
(c) जिगीषु (d) जिजीविषु

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** – जिसे जानने की इच्छा है' के लिए एक शब्द 'जिज्ञासु' होगा। जबकि किसी पर विजय पाने की इच्छा रखने वाला' जिगीषु तथा 'अधिक समय तक जीते रहने को इच्छुक' 'जिजीविषु' एक शब्द होगा।

**14. `जो कठिनाई से समझने योग्य है'– के लिए एक शब्द है–**

(a) अगम (b) क्लिष्ट
(c) दुर्बोध (d) दुर्गम

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** –'जो कठिनाई से समझने योग्य है' के लिए एक शब्द 'दुर्बोध' है। वाक्यांशों के लिए कुछ शब्द इस प्रकार हैं–

| | |
|---|---|
| जो गम रहित हो | – अगम |
| जहाँ या जिसके अंदर न जाया जा सके | – अगम्य |
| जो समझने में कठिन हो (भाषा के सम्बन्ध में) | – क्लिष्ट |
| जहाँ जाना कठिन हो | – दुर्गम |

**15. 'जो पृथ्वी से सम्बद्ध है'– वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**

(a) पृथा (b) लौकिक
(c) भूगोलीय (d) पार्थिव

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** –'जो पृथ्वी से सम्बद्ध है'–वाक्यांश के लिए एक शब्द 'पार्थिव' है। इस लोक से संबंध रखने वाला 'लौकिक' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**16. 'जो पहले था, पर अब नहीं है' के लिए एक शब्द है–**

(a) पूर्वज (b) अंत्यज
(c) भूतपूर्व (d) अनागत

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** –'जो पहले था, पर अब नहीं है' के लिए एक शब्द–'भूतपूर्व होता है। शेष इस प्रकार हैं–

| | |
|---|---|
| जो पहले जन्मा हो | –पूर्वज |
| जो निम्न जाति में पैदा हुआ हो | –अंत्यज |
| जो न आया हो | –अनागत |

**17. 'जो कठिनाई से मिलता है'– के लिए एक शब्द है–**

(a) दुर्लभ (b) अलभ्य
(c) अप्राप्त (d) अनुपलब्ध

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** – 'जो कठिनाई से मिलता है' के लिए एक शब्द 'दुर्लभ' होता है। शेष निम्न प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| जिसे प्राप्त न किया जा सके | – | अलभ्य |
| जो प्राप्त न हो | – | अप्राप्य |
| जो उपलब्ध न हो | – | अनुपलब्ध |

**18. 'बहुत सी भाषाओं को जानने वाला'– के लिए एक शब्द है–**

(a) बहुभाषाविद् (b) बहुभाषाभाषी
(c) दुभाषिया (d) बहुभाषिया

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'बहुत सी भाषाओं को जानने वाला' के लिए एक शब्द 'बहु भाषाविद्' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

## तत्सम एवं तद्भव

**19. `ढीठ' का तत्सम रूप है–**

(a) धूर्त (b) धृष्ट
(c) उद्दंड (d) धृषित

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** –'ढीठ' का तत्सम रूप 'धृष्ट' होता है।

**20. निम्न शब्दों में कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?**

(a) मृत्तिका (b) विकार
(c) कपाट (d) कपूर

**उत्तर–(d)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** –'कपूर' तत्सम शब्द नहीं है। यह तद्भव शब्द है। 'कपूर' का तत्सम शब्द 'कर्पूर' होता है। 'मृत्तिका' का तद्भव 'मिट्टी' एवं 'कपाट' का तद्भव 'किवाड़' है।

**21. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है?**

(a) कोयल (b) आश्चर्य
(c) उज्ज्वल (d) कंटक

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'कोयल' शब्द तद्भव है जिसका तत्सम 'कोकिल' होता है। जबकि 'आश्चर्य' का तद्भव 'अचरज', 'उज्ज्वल' का तद्भव 'उजाला' तथा 'कंटक' का तद्भव 'काँटा' होता है।

**22. 'अट्टालिका' का तद्भव रूप है–**

(a) अटाला (b) अटल
(c) अटारा (d) अटारी

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** –'अट्टालिका' का तद्भव रूप 'अटारी' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**23. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?**

(a) जल (b) नग्न
(c) तीन (d) भ्रमर

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** –'तीन' शब्द तद्भव है। इसका तत्सम रूप 'त्रीणि' होता है। शेष तत्सम शब्द हैं। जल, नग्न एवं भ्रमर का तद्भव क्रमशः पानी, नंगा तथा भौंरा होता है।

**24. `कर्पट' का तद्भव रूप है–**

(a) कपूर (b) कपड़ा
(c) कर्कट (d) खप्पर

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** –'कर्पट' का तद्भव रूप कपड़ा होता है, जबकि कपूर का तत्सम रूप कर्पूर होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

## विशेष्य एवं विशेषण

**25. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?**

(a) बनारसी (b) भारतवर्ष
(c) बाजार (d) खेती

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'बनारसी' शब्द विशेषण है। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते है उन्हें विशेषण कहते हैं। उदाहरणार्थ- राधा बनारसी साड़ी पहनी है। यहाँ 'साड़ी' विशेष्य की बनारसी विशेषण के द्वारा विशेषता बतलायी जा रही है।

**26. जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं–**

(a) सर्वनाम (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) अव्यय

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** –जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे 'विशेषण' कहते हैं। उदाहरण-घोड़ा दौड़ रहा है। यहाँ 'घोड़ा' शब्द समस्त घोड़ा जाति का बोध करा रहा है। जबकि एक घोड़ा दौड़ रहा है। यहाँ 'एक' संख्या वाचक विशेषण है। जो घोड़ा (संज्ञा) की व्याप्ति को मर्यादित कर रहा है।

**27. 'रमेश की पुस्तक पुरानी है'–इस वाक्य में 'पुस्तक' शब्द है–**

(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) क्रिया-विशेषण (D) सर्वनाम

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'रमेश की पुस्तक पुरानी है' वाक्य में पुस्तक शब्द 'विशेष्य' है। जिस संज्ञा शब्द की विशेषण द्वारा विशेषता बतलायी जाती है उसे विशेष्य कहते हैं।

**28. 'उस ग्रंथ में 500 पृष्ठ हैं'– इस वाक्य में 'उस' शब्द है–**

(a) गुणवाचक विशेषण
(b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संकेतवाचक विशेषण
(d) व्यक्तिवाचक विशेषण

**उत्तर–(c)**

**व्याख्या** –'उस ग्रंथ में 500 पृष्ठ हैं' वाक्य में 'उस' शब्द में संकेतवाचक विशेषण है। यह सार्वनामिक विशेषण का भाग है। पुरुषवाचक या निजवाचक सर्वनामों को छोड़कर अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा की विशेषता बतलाएँ, तो उन्हें 'सार्वनामिक विशेषण' कहते हैं।

**29. 'यह चाँदी खोटी सी दिखती है'–इस वाक्य में खोटी सी' विशेषण का प्रकार है–**

(a) गुणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाणबोधक विशेषण
(d) पूर्णांकबोधक विशेषण

**उत्तर–(a)**

**व्याख्या** –'यह चाँदी खोटी सी दिखती है' वाक्य में 'खोटी सी' 'गुणवाचक विशेषण' का प्रकार है। जिस विशेषण से किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रुप-रंग, आकार-प्रकार, सम्बन्ध, दशा आदि का पता चले, उसे गुणवाचक विशेषण' कहते हैं।

**30. 'दनामोल' में किस प्रकार का विशेषण है?**

(a) परिमाणबोधक
(b) अपूर्णांकबोधक
(c) अनिश्चित संख्यावाचक
(d) निश्चित संख्यावाचक

**उत्तर–(b)**

**व्याख्या** –'दनामोल' में अपूर्णांकबोधक विशेषण है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"